Need to amend newly-implemented circular of RBI dated 17^{th} march, 2022 for auditing of Banks

श्री नीरज डांगी (राजस्थान): उपसभापति महोदय, भारतीय रिजर्व बैंक के प्रावधानों के अनुसार, राष्ट्रीयकृत बैंकों में 20 करोड़ से अधिक के एडवांस वाली शाखाओं का शत प्रतिशत ऑडिट एवं 20 करोड़ से कम एडवांस वाली शाखाओं का 20 प्रतिशत ऑडिट रोटेशन वाइज़ चार्टेड अकाउंटेंट्स द्वारा करवाया जाता रहा है। 2020-21 में ऑडिट अलॉटमेंट के समय राष्ट्रीयकृत बैंकों ने कोरोना महामारी का हवाला देते हुए, आरबीआई से उसके मद्देनजर कराई जाने वाली ऑडिट के प्रावधानों के अंदर पैरामीटर्स के बदलाव का आग्रह किया और आरबीआई ने उसे स्वीकार करते हुए, एडवांस को बेस मानते हुए सिर्फ 90 प्रतिशत एडवांसेज़ की ऑडिट करने का नया प्रावधान दिया। इसी प्रकार, एक परिपत्र 17 मार्च, 2022 को जारी किया गया, जिसमें इन एडवांसेज़ के 90 प्रतिशत ऑडिट वाले प्रावधान को घटाकर 80 प्रतिशत कर दिया गया। इस नए प्रावधान से लगभग 50 प्रतिशत बैंक शाखाएं ऑडिट के दायरे से बाहर हो गईं। इस नए प्रावधान से परिस्थितियाँ इस तरह से बन गई हैं, जो कि निश्चित रूप से बैंकिंग सिस्टम और वित्तीय स्वास्थ्य के लिए अनुकूल नहीं हैं और न ही यह नया प्रावधान जमाकर्ताओं के हित में भी है। वर्तमान परिदृश्य में आए-दिन बैंक घोटाले सामने आ रहे हैं और लगातार वित्तीय अनियमितताओं के चलते हुए प्रतिदिन बैंक लाइसेंस रद्द किए जा रहे हैं। ऐसे में, जमाकर्ताओं की खून-पसीने की गाढ़ी कमाई और बुढ़ापे का सहारा बैंकों में डूब रहा है और आगे भी डूबने के आसार हैं। माननीय उपसभापति महोदय, आपके माध्यम से वित्त मंत्रालय व केंद्र सरकार से निवेदन है, अनुरोध है कि जनहित व राष्ट्रहित में आरबीआई को निर्देशित किया जाए और इन नए प्रावधानों को वापस लेकर, जो पुराना ऑडिट सिस्टम है, उसको रिस्टोर कराया जाए, बहुत-बहुत धन्यवाद।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The following hon. Members associated themselves with the Zero Hour submission made by the hon. Member, Shri Neeraj Dangi: Dr. John Brittas (Kerala), Shri Abir Ranjan Biswas (West Bengal), Dr. Sasmit Patra (Odisha), Shri Kanakamedala Ravindra Kumar (Andhra Pradesh), Dr. Amar Patnaik (Odisha), Shrimati Phulo Devi Netam (Chhattisgarh), Dr. Fauzia Khan (Maharashtra), Shri Sandosh Kumar P. (Kerala), Dr. Kanimozhi NVN Somu (Tamil Nadu), Shri M. Mohamed Abdulla Dr. Santanu Sen (West Bengal) and Shrimati Jebi Mather Hisham (Kerala).

Need to initiate a global news organization under Doordarshan

SHRI PABITRA MARGHERITA (Assam): Hon. Deputy Chairman, Sir, as I speak in this august House today, flames of war have been raising in two parts of the world. Millions of people are going through unspeakable sufferings in these wars. Along with human casualties, truth has also become a casualty in these wars.